आईआईएम रांची का 11वां दीक्षांत समारोह स्थाई कैंपस नयासराय में आयोजित हुआ

बिजनेस लीडर के साथ उद्यमी भी तैयार करें संस्थाएं: राज्यपाल

आयोजन

रांची, प्रमुख संवाददाता। भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), रांची का 11वां दीक्षांत समारोह शनिवार को स्थाई कैंपस प्रबंधन नगर, नयासराय में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन थे। सम्मानित अतिथि के रूप ब्लैकस्टोन-ईपीएल लिमिटेड के एमडी और ग्लोबल सीईओ आनंद कृपालु के अलावा संस्थान के निदेशक प्रो दीपक कुमार श्रीवास्तव व अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने दीक्षांत भाषण में कहा कि बिजनेस स्कूलों का कर्तव्य है कि वे न सिर्फ यह सुनिश्चित करें कि हमारे पास बिजनेस लीडर हों, बल्कि उद्यमी भी हों, जो सपना देख सकें और अगला बड़ा बिजनेस वेंचर तैयार कर सकें।

उन्होंने कहा कि भारत ने विकास के एक बहुत ही रोमांचक चरण में प्रवेश किया है, जहां आने वाले दशकों में प्रतिभाशाली मानव संसाधन के साथ दुनिया का नेतृत्व करने की क्षमता है। संस्थान को ऐसे छात्रों को तैयार करने की आवश्यकता है जो विश्व स्तर पर प्रसिद्ध उद्यमियों के रूप में उभरने के साथ-साथ अन्य लोगों को रोजगार प्रदान करने वाले व्यावसायिक उपक्रम बना सकते हैं। राज्यपाल ने कहा कि एनआईआरएफ रैंकिंग में आईआईएम की 15वीं रैंक, एक सराहनीय उपलब्धि है। उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्रनिर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में 2020-22 बैच के एमबीए, एमबीए एचआरएम व एक्जीक्यूटिव एमबीए के विद्यार्थियों के साथ ही, पीएचडी धारकों को भी उपाधि प्रदान की गई।



आईआईएम रांची के दीक्षांत समारोह में शनिवार को एक छात्र को उपाधि देते राज्यपाल।

चेयरमैन गोल्ड मेडल मिला

एमबीए-एचआरएम में चेयरमैन गोल्ड मेडल देबारथी चटर्जी, डायरेक्टर गोल्ड मेडल चक्रवर्ती अरुणिमा, प्रोग्राम चेयरपर्सन मेडल बी ऐश्वर्या और बुक प्राइज शिवांगी मित्तल व करीम निशा अब्दुल करीम को मिला। एक्जीक्यूटिव एमबीए में चेयरमैन गोल्ड मेडल सौमित्रा मुखर्जी, डायरेक्टर गोल्ड मेडल प्रतीक खन्ना, प्रोग्राम चेयरपर्सन मेडल शुभ्रधारा और बुक प्राइज चिरंजीत चक्रवर्ती व प्रियम मित्रा को मिला।

पीएचडी की उपाधि

आदित्य बनर्जी को इंफॉर्मेशन सिस्टम्स विषय में, एक्जीक्यूटिव पीएचडी प्रोग्राम में राजा संकरन को मार्केटिंग मैनेजमेंट विषय में और राजा कुमार बेहरा को इंफॉर्मेशन सिस्टम्स एंड बिजनेस एनालिटिक्स विषय में पीएचडी की उपाधि मिली।

इन्हें मिला गोल्ड मेडल

समारोह में संस्थान में संचालित एमबीए प्रोग्राम, एमबीए-एचआरएम प्रोग्राम और एक्जीक्यूटिव एमबीए के सर्वाधिक सीजीपीए प्राप्त करनेवाले टॉपरों को गोल्ड मेडल से नवाजा गया। एमबीए प्रोग्राम में चेयरमैन गोल्ड मेडल प्रसून अदक, डायरेक्टर गोल्ड मेडल कार्तिक कापरी, प्रोग्राम चेयरपर्सन मेडल अंकिता प्रिया और बुक प्राइज अभिषेक टंडन और जाह्नवी अग्रवाल को मिला।

सिग्नेचर अवॉर्ड मेडल

आईआईएम के 11वां दीक्षांत समारोह में आईसीएसआई सिग्नेचर अवॉर्ड गोल्ड मेडल प्रसून अदक को एमबीए प्रोग्राम में सर्वाधिक सीजीपीए के लिए मिला। वहीं, प्रो आशीष हाजेला मेमोरियल अवॉर्ड आकाश बनर्जी को एमबीए प्रोग्राम में स्ट्रेटेजिक मैनेजमेंट में सर्वाधिक सीजीपीए प्राप्त करने के लिए मिला।